## प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **27-08-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

### 1.नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार,थाना सोनकपुरः-



**अवगत कराना है दिनांक 26.08.2025 को वादी निवासी थाना सोनकपुर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की बहन को बहला-फुसलाकर ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना सोनकपुर पर मु0अ0सं0-0082/2025 धारा-137(2)/87 बीएनएस पंजीकृत किया गया। लड़की को सकुशल बरामद करते हुये दिनांक 26.08.2025 को उ0नि0 श्री श्रवण कुमार थाना सोनकपुर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी इमरान पुत्र लियाकत निवासी कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।**

### गिरफ्तार आरोपीः-

**इमरान पुत्र लियाकत निवासी कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद**

### गिरफ्तार करने वाली टीमः-

**उ0नि0 श्रवण कुमार थाना सोनकपुर,मुरादाबाद।**
**उ0नि0 गजेन्द्रपाल सिंह थाना सोनकपुर,मुरादाबाद।**
**म0का0 डोली थाना सोनकपुर,मुरादाबाद।**

### 2-अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना मुगलपुराः-



**अवगत कराना है आज दिनांक 27.08.2025 को उ0नि0 श्री लोकेश कुमार थाना मुगलपुरा द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी साबिर पुत्र गुलाम रब्बानी निवासी भूगल वाली गली नदी के पास मौ0 बरबलान थाना मुगलपुरा मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मुगलपुरा पर मु0अ0सं0-165/2025 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।**

### गिरफ्तार आरोपीः-

**साबिर पुत्र गुलाम रब्बानी निवासी भूगल वाली गली नदी के पास मौ0 बरबलान थाना मुगलपुरा, मुरादाबाद।**

**3-जनपदीय पुलिस द्वारा 06 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 09 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 06 वारंटी तथा 09 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।



**विवरण वारंटीः-**

**थाना ठाकुरद्वारा-**

हुकुम सिंह पुत्र सुन्दर सिंह निवासी नया गांव बहादुरनगर थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा न0- 1874/15 अ0स0 290/15 धारा – 307 भादवि

**थाना मुगलपुराः-**



1.शायर उर्फ फैसल पुत्र लल्ला निवासी कुडा घर के पास तबेला थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा न0- 11226/2021 अ0स0- 39/2021 धारा 373/324 भादवि

2.असलम उर्फ इमरान पुत्र नन्हें निवासी राबर वाली वारसीनगर थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा न0- 844/2021 अ0स0- 385/2020 धारा 398 भादवि

**थाना बिलारीः-**

1.परवेज पुत्र चांद निवासी राजकीय कन्या इंटर कालेज के पास थाना कुंदरकी,मुरादाबाद संबंधित मुकदमा नं0 13484/24 अ0सं0 204/23 धारा 420/406/506 भादवि



2.महेन्द्र पुत्र केदार सिंह नि0 रुस्तमपुरखास थाना बिलारी,मुरादाबाद संबंधित मुकदमा नं0 218/15 अ0सं0 परिवाद धारा 323/504/506/324/392 भादवि

3. रामप्रकाश पुत्र जगदीश निवासी ग्राम डोहरी थाना बिलारी,मुरादाबाद संबंधित मुकदमा नं0 150/24 अ0सं0 372/24 धारा 60 आबकारी अधि0

**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**

**थाना नागफनी-01,थाना भगतपुर-05,थाना ठाकुरद्वारा-02,थाना बिलारी-01**



**4-दिनांक 26-08-2025 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से 3,24,700 /- रुपये व अन्य सामान बरामद किया गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 26-08-2025 को वादिनी निवासी थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ने अज्ञात चोर द्वारा वादिनी की दुकान के बाहर स्लेप पर रखे बैग (जिसमें रूपये थे) को चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 86/2025 धारा 303 (2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु चलाये चा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कोतवाली के कुशल नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आज दिनांक 27-08-2025 को उक्त चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त जुबेर पुत्र रहीश पठान निवासी गली नं0 ए 3 ईदगाह थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये 3,24,700 रूपये बरामद किये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः- जुबेर पुत्र रहीश पठान निवासी गली नं0 ए 3 ईदगाह थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद**

**पूछताछ का विवरणः-**

पूछताछ करने पर अभियुक्त जुबैर उपरोक्त ने बताया कि मेरे भाई मौसीन की चक्कर की मिलक थाना सिविल लाइंस क्षेत्र मे चाऊमीन की दुकान है। मैं चक्कर की मिलक दुकान पर अपने भाई के पास गया था तथा वहाँ से उर्स देखने चला गया था। वहाँ से आते समय रात में मै पैदल गंज बाजार में चला गया जहाँ मैने गंज बाजार मे दुकान खुली देखी दुकान के बाहर एक बैग रखा था। महिला दुकान के अन्दर सामान देने मे व्यस्त थी। मैने मौका देखकर वह बैग चुरा लिया तथा बैग चुराकर बैग का सामान बैग में रखे दूसरे थैले में रखकर काला बैग रास्ते में ही कही फैक दिया था तथा सामान छुपा दिया था मैने जो सामान चोरी किया था आज मैं उसे लेकर कही जाने वाला था।

**बरामदगी का विवरणः-** 3,24,700 रूपये व क्रीम कलर का लैडिज पर्स, सफेद रंग का चार्जर रेडमी कम्पनी, महरूम रंग का बैग, लाल रंग का ब्लूटूथ स्पीकर, भूरे रंग का छोटा पर्स, 09 छोटी चांबी . एक आधार कार्ड की छायाप्रति एकता शर्मा

**आपराधिक इतिहासः–**

**मु0अ0सं0 86/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद।**

**नोटः- अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1. व0उ0नि0 श्री यशवीर सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद।
2. एसओजी प्रभारी श्री अमित कुमार मय टीम।
3. उ0नि0 श्री योगेश शर्मा थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद ।
4. उ0नि0 श्री सत्यपाल सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद।
5. हे0का0 मुकुट मनोहर थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद।
6. का0 शिवशंकर थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद।
7. का0 सोयब खान थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद।